SCIENCE FOR SOCIETY, BIHAR

(Member – NOSTC, New Delhi)

REGD. OFFICE : PHYSICS DEPARTMENT, SCIENCE COLLEGE, PAT. UNIV., PATNA-800 005
CAMP OFFICE : NORTH OF GYMNASIUM, PATNA SCIENCE COLLEGE CAMPUS, P.U., PATNA-800 005 (TEL. 0612-2673343)

NCSTC- NETWORK

Chairperson
Prof. A. Nath
Professor of Zoology (Retd.) P.U.

Vice Chairperson
Director, SCERT, Bihar
Director, BCST, Patna
Director, S.K.Sc. Centre, Patna
Prof. D. Sinha , Professor of Physics
Prof. R.P.Sinha, Ex. .V.C., L.N.M.U.
Principal, Science College, P.U.
Head, Sc. & Math, Dept. SCERT, Patna

President
Dr. Arun Kumar,
Prof. of Zoology (Retd.) M.U.
(8051268865)

Vice Presidents
Dr. T.K.Ghosh, Bhagalpur
Prof. Kamla Singh, Bhabhua
Sri A.K.Jaiswal, Bhagalpur
Md. Zeyaullah, Sitamarhi
Dr. P.K.Sharan, Bhagalpur
Dr. Fulgen Purbey, Muzaffarpur
Dr. Binay Kumar, Patna

Gen. Secy.
Deepak Kumar, Banka
(9934914697)

Joint Secretaries
Dr. Abu Nassar, Samastipur
P.K.Dwivedi, Gaya
Seema Singh, Vaishali
Satish Ranjan, Patna
Dr. Suresh Pd Roy, Begusarai

Treasurer
Dr. Sandeep Kumar, Patna.
(9835078057)
Manoj Kumar, Arwal

Office Secretary
Umesh Kumar (9661886543)

पत्रांक:SFS/BCSRP/193/2024 दिनांक: 08.10.2024

सेवा में,

सभी जिला समन्वयक,
सायंस फॉर सोसायटी, बिहार

विषय: बिहार बाल विज्ञान शोध कार्यक्रम, 2024 के सफल आयोजन हेतु दिशा-निर्देशन कार्यशाला में भाग लेने के संदर्भ में।

महाशय/महाशया,

राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद्, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2024 के आयोजन की कोई भी सूचना अभी तक उपलब्ध नहीं है।

सायंस फॉर सोसायटी, बिहार के सचिव मंडल सह कार्यकारिणी समिति की सम्पन्न बैठक (दिनांक-29.09.2024) में विचार-विमर्श के उपरांत बिहार राज्य के बच्चों के लिए **''बिहार बाल विज्ञान शोध कार्यक्रम''** प्रारंभ किया जा रहा है, जिसमें 7वीं कक्षा - 12वीं कक्षा तक के शहरी एवं ग्रामीण बच्चे, दो के समूह में, भाग लेंगे। इस कार्यक्रम से बच्चों में खोजी प्रवृति को बढ़ावा मिलेगा तथा विज्ञान एवं पर्यावरण के प्रति नवाचारी खोज में भी वृद्धि होगी। इस कार्यक्रम के उद्देश्य हैं-

- बाल वैज्ञानिकों को एक मंच प्रदान करना जहाँ वे अपने अन्वेषणशील ज्ञान एवं शोध को प्रस्तुत कर सकें।
- स्थानीय समस्याओं की समझ बढ़ाना एवं उनका समुचित हल खोजना।
- बच्चों में वैज्ञानिक चेतना का प्रसार एवं प्रचार करना।
- अनुसंधान एवं नवाचार को विकसित करना।

बिहार बाल विज्ञान शोध कार्यक्रम, 2024 का मुख्य विषय है- **''मानवीय गतिविधियों का हमारे पर्यावरण पर प्रभाव''** तथा इसके उपविषय है-

1. सतत भविष्य के लिए जल संरक्षण
2. बेहतर भविष्य के लिए समृद्ध जैव विविधता
3. फसल उत्पादन पर पारिस्थितिक कारकों का प्रभाव
4. जलवायु परिवर्तन और इसका प्रभाव

गतिविधियों की समय तालिका निम्नांकित है-

(i) जिला समन्वयकों एवं जिला शैक्षिक समन्वयकों का दिशा निर्देशन कार्यशाला : **15 अक्टूबर, 2024** (बेविनार द्वारा)

(ii) क्षेत्रीय स्रोत व्यक्ति सह परामर्शदाता (Mentor) दिशा निर्देशन कार्यशाला (बेविनार द्वारा):-

- उत्तर बिहार : **20 अक्टूबर, 2024**
- केन्द्रीय बिहार : **21 अक्टूबर, 2024**
- दक्षिण बिहार : **22 अक्टूबर, 2024**

- पूर्वोत्तर बिहार : **23 अक्टूबर, 2024**

(iii) जिला स्तरीय शिक्षक दिशा निर्देशन सह प्रशिक्षण कार्यशालाएँ (विज्ञान शिक्षक के साथ दो छात्र /छात्राएँ भाग लेगें : **22 से 30 अक्टूबर, 2024** के मध्य (ऑनलाईन/ऑफलाईन)

(iv) इच्छुक बच्चों के समूह (अधिकतम 2 बच्चे) द्वारा गतिविधियों का चयन एवं सोसायटी वेबसाईट (https://sfsbihar.com) पर तथा समन्वयक के पास निबंधन : **25 अक्टूबर से 05 दिसम्बर, 2024**

(v) परियोजना पर क्रियाशीलन : **1 नवम्बर से 10 दिसम्बर, 2024** (1 माह 10 दिन) तक

(vi) जिला स्तरीय बिहार बाल विज्ञान शोध एवं संचार कार्यक्रम : **10 – 14 दिसम्बर, 2024** तक (ऑनलाईन/ऑफलाईन)

(vii) बिहार बाल विज्ञान शोध कार्यक्रम (राज्य सम्मेलन), **कुर्मा संस्कृति स्कूल, जहानाबाद : 20 – 22 दिसम्बर, 2024** (संभावित)

राज्य सम्मेलन हेतु सायंस फॉर सोसायटी, बिहार की एक टीम दिनांक 06.10.2024 को जहानाबाद के जिला समन्वयक एवं उनके टीम के साथ कुर्मा संस्कृति स्कूल, जहानाबाद का दौरा किया एवं वहां के चेयरमैन एवं प्रधानाचार्य के साथ बैठक भी सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई है।

आप सभी जिला समन्वयकों से अनुरोध है कि उक्त कार्यकम को सफल बनाने हेतु जिला गतिविधि की तैयारियाँ प्रारंभ कर दें तथा दिनांक 15 अक्टूबर, 2024 को समय- संध्या 6 बजे से गूगल मीट (Google Meet) विडियो कांफ्रेंसिग के द्वारा आयोजित ''जिला समन्वयकों एवं जिला शैक्षिक समन्वयकों का दिशा निर्देशन कार्यशाला'' में भाग लेने की कृपा करें। हमें इस बात का भी ध्यान रखना है कि कम समय में गुणवत्तापूर्ण परियोजनाएँ आ सकें।

विडियो कांफ्रेंसिग का लिंक निम्नलिखित है-

https://meet.google.com/uty-anwz-mvj

विदित हो कि बिहार के राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के सभी पदाधिकारी एवं जिला आयोजन समिति के सभी सदस्य ''बिहार बाल विज्ञान शोध कार्यक्रम, 2024'' के लिए भी यथावत् बने रहेंगे एवं अपने दायित्वो का सफलता पूर्वक निर्वहन भी करेंगे।

सादर धन्यवाद।

विश्वासभाजन,

Arun Kumar
08.10.2024

(डॉ अरूण कुमार)
अध्यक्ष,
सायंस फॉर सोसायटी, बिहार

संलग्नक : बिहार बाल विज्ञान शोध कार्यक्रम, 2024 का फोल्डर।